<u>प्रादेशिक समाचार</u>

<u>दिनांक– 04.08.2025 (दोपहर–1310 बजे)</u>

<u>मुख्य समाचार</u>

- झारखंड आंदोलन के प्रणेता दिशोम गुरु शिबू सोरेन का आज सुबह नई दिल्ली में निधन, राज्य में शोक की लहर, राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री और राज्यपाल सहित अनेक नेताओं ने व्यक्त की गहरी संवेदना।
- दिशोम गुरु शिबू सोरेन के सम्मान में झारखंड विधानसभा की कार्रवाई अनिश्चितकाल के लिए स्थगित, राज्यसभा की कार्यवाही भी 5 अगस्त तक टली, झारखंड सरकार ने घोषित किया तीन दिवसीय राजकीय शोक, सभी कार्यक्रम रहेंगे रद्द।
- सावन की अंतिम सोमवारी पर राज्य के सभी शिवालयों में उमड़ा भक्तों का सैलाब, प्रशासन और स्वयंसेवी संगठनों की सक्रियता से मेले में दिखी बेहतर व्यवस्था।
- मौसम विभाग ने आज राज्य के 10 जिलों में जारी किया येलो अलर्ट, तेज हवाओं और वज्रपात की चेतावनी, किसानों को खेतों में न जाने की दी गई सलाह।

******************

झारखंड मुक्ति मोर्चा के संस्थापक, दिशोम गुरू शिबू सोरेन का आज नई दिल्ली के एक अस्पताल में निधन हो गया। वे पिछले कुछ दिनों से बीमार चल रहे थे। उनके पुत्र और मुख्यमंत्री हेमंत सेरेन ने इसकी जानकारी एक्स पर पोस्ट कर दी है। दिशोम गुरू के निधन से राज्य में शोक की लहर दौड़ गई है।

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने शिबू सोरेन के निधन पर गहरा शोक व्यक्त करते हुए इसे सामाजिक न्याय के क्षेत्र में एक बड़ी क्षति बताया है। और उन्होंने कहा कि शिबू सोरेन ने आदिवासी पहचान और झारखंड राज्य की स्थापना के लिए महत्वपूर्ण भूमिका निभाई और उनका जनकल्याण के प्रति समर्पण हमेशा याद किया जाएगा।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री शिबू सोरेन के निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया है। उन्होंने शिबू सोरेन को जमीनी स्तर का ऐसा नेता बताया, जिन्होंने जनजातीय समुदाय, गरीब और वंचित वर्ग के अधिकारों के लिए आजीवन संघर्ष किया।

राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने दिशोम गुरु शिबू सोरेन के निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि शिबू सोरेन जनजातीय अस्मिता और अधिकार के सशक्त स्वर थे ।

राज्य के पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री योगेंद्र प्रसाद ने दिशोम गुरु शिबू सोरेन के निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया है।

इधर पर्यटन, कला एवं संस्कृति मंत्री सुदिव्य कुमार सोनू ने दिवंगत नेता को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि शिबू सोरेन ने अपना पूरा जीवन आदिवासी और दलितों के अधिकार की लड़ाई में समर्पित किया।

झारखंड कांग्रेस के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने दिशोम गुरु शिबू सोरेन के निधन को झारखंड के लिए अपूरणीय क्षति बताते हुए कहा कि वे झारखंड के अभिभावक और आदिवासी समाज की पहचान थे।

राज्यसभा सांसद और पूर्व मुख्यमंत्री शिबू सोरेन के निधन पर भाजपा के वरिष्ठ नेता अमर कुमार बावरी ने गहरा शोक व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि शिबू सोरेन ने अपना पूरा जीवन आदिवासी और दलितों के हक व अधिकार की लड़ाई में समर्पित किया।

दिशोम गुरू शिबू सोरेन के निधन से उपराजधानी दुमका में शोक की लहर है। उनके निधन की सूचना मिलते ही लोग खिजुरिया स्थित उनके आवास पर पहुंचने लगे, जहां सन्नाटा पसरा हुआ है और पार्टी का झंडा आधा झुका दिया गया है। शिबू सोरेन आठ बार दुमका से सांसद रहे और एक बार विधायक भी निर्वाचित हुए थे।

******************

राज्यसभा की कार्यवाही सांसद शिबू सोरेन के निधन पर श्रद्धांजलि स्वरूप दिन भर के लिए स्थगित कर दी गई। राज्यसभा के सदस्यों ने झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री और झारखंड मुक्ति मोर्चा के संस्थापक शिबू सोरेन को श्रद्धांजलि अर्पित की। सुबह 11 बजे सदन की कार्यवाही शुरू होने पर राज्यसभा के उपसभापति हरिवंश ने उन्हें श्रद्धांजलि दी और कहा कि श्री सोरेन ने जीवन भर वंचितों के अधिकारों और कल्याण के लिए काम किया।

उपसभापति ने कहा कि स्वर्गीय शिबू सोरेन ने झारखंड राज्य की स्थापना के आंदोलन में अहम भूमिका निभाई। इसके बाद सदन में दिवंगत नेता के सम्मान में मौन रखा गया। दिशोम गुरु के सम्मान में झारखंड विधानसभा की कार्रवाई अनिश्चितकाल के लिए स्थगित कर दी गई है। इसकी जानकारी देते हुए विधानसभा अध्यक्ष रवीन्द्रनाथ महतो ने कहा कि दिशोम गुरु शिबू सोरेन का स्वर्गवास केवल झारखंड के लिए नहीं, बल्कि पूरे देश के लिए क्षति है।

झारखंड सरकार ने दिशोम गुरू शिबू सोरेन के निधन पर तीन दिवसीय राजकीय शोक की घोषणा की है। इस दौरान कोई भी सरकारी कार्यक्रम आयोजित नहीं किए जाएंगे और शोक की अवधि तक राष्ट्रीय झंडा आधा झंडा झुका रहेगा, वहीं चार और पांच अगस्त को सरकारी कार्यालय बंद रहेंगे।

******************


आकाशवाणी के ताजातरीन समाचारों के लिए आप हमारी
वेबसाईट news on air.gov.in पर लॉग ऑन कर सकते हैं।

ताजा समाचार एक्स हैंडल @AIR news alerts और फेसबुक पेज All India Radio news पर भी उपलब्ध है।

आप प्रादेशिक समाचार एकांश के एक्स हैंडल

@AIR news अंडर स्कोर_ranchi

और

फेसबुक पेज आकाशवाणी न्यूज रांची,

इंस्टाग्राम पेज तथा

YOUTUBE Channel AIR NEWS Ranchi

पर भी हमारे बुलेटिन सुन सकते है।


******************

श्रावणी मेला अपने अंतिम पड़ाव पर पहुंच गया है और आज आखिरी सोमवारी को भक्तों की भारी भीड़ बाबा शिवालयों में उमड़ पड़ी है। दुमका के बैद्यनाथ धाम में प्रातः तीन बजे सरकारी पूजा के बाद आम भक्तों के लिए मंदिर का पट खोला गया । सुरक्षा, स्वास्थ्य और सेवा शिविरों की व्यवस्था को और सुदृढ़ किया गया है, प्रशासन और स्वयंसेवी संगठन पूर्ण सजगता से कार्य में जुटे हैं। तीर्थ पुरोहित दयानंद पंडा ने कहा कि बेहतर प्रशासनिक व्यवस्था के कारण किसी को परेशानी नहीं हुई।

वहीं मजिस्ट्रेट प्रणय प्रियंवद ने कहा कि में मेले में तैनात पुलिस और प्रशासनिक अधिकारी अपनी ड्यूटी बखूबी निभा रहे हैं। इधर सावन की अंतिम सोमवारी पर कोडरमा में झरनाकुंड से ध्वजाधारी धाम तक हजारों शिवभक्तों ने भव्य कांवर पदयात्रा में भाग लिया और भगवान शिव का जलाभिषेक किया। यह आयोजन श्री राम संकीर्तन मंडल द्वारा लगातार 26 वर्षों से कराया जा रहा है। एक शिवभक्त ने कहा कि 777 सीढ़ियां चढ़ते हुए ध्वजाधारी पहाड़ पर भगवान शिव का जलाभिषेक से मनोकामना पूरी होती है।

सावन की अंतिम सोमवारी पर खूंटी स्थित बाबा आमरेश्वर धाम में सांसद कालीचरण मुंडा सहित कई लोग भी दर्शन के लिए पहुंचे।

उधर साहिबगंज में तालझारी के मोतीझरना मोतीनाथ और बरहेट के शिवगादी मिनी बाबाधाम में भी श्रावण मास की चतुर्थ सोमवारी पर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। जलार्पण की व्यवस्था में पुलिस बल, मजिस्ट्रेट और समिति सदस्य पूरी मुस्तैदी से लगे हुए हैं।

******************

1 से 7 अगस्त तक मनाए जाने वाले विश्व स्तनपान सप्ताह दिवस को लेकर गुमला जिला उपायुक्त प्रेरणा दीक्षित के निर्देश पर सात दिवसीय कैलेंडर जारी किया गया है।

******************

आज सेंसेक्स 275 अंक बढ़कर 80,875 और निफ्टी 103 अंक चढ़कर 24,669 पर पहुंच गया।

******************

सर्राफा बाजार में आज रांची में 22 कैरेट सोने का भाव 91 हजार तीन सौ रुपये प्रति दस ग्राम है जबकि चांदी की कीमत एक लाख 17 हजार रुपये प्रति किलो है।

******************

मौसम विभाग ने आज राज्य के 10 जिलों में तेज हवा और वज्रपात को लेकर येलो अलर्ट जारी किया है, जिनमें पलामू, लातेहार, गढ़वा, चतरा, हजारीबाग, कोडरमा, साहिबगंज, गोड्डा, पाकुड़ और दुमका शामिल हैं।

******************